ले लो हरि का नाम जिंदगी थोड़ी है

छोड़ जगत के काम छोड़ सीना जोरी रे,
ले लो हरि का नाम जिंदगी थोड़ी है.....

तन्ने विरजा जन्म गंवायो माया से हेत लगायो,
माया तेरे संग ना जावे देख यही पड़ी रह जावे,
लूटेंगे छोरा छोरी है...
ले लो हरि का नाम जिंदगी थोड़ी है.....

यमदूत लैंन को आवे तेरी कसकस मार लगावे,
तेरी एक समझ नहीं आवे तु पड़ो पड़ो पछतावे,
चले ना बरजोरी है..
ले लो हरि का नाम जिंदगी थोड़ी है.....

तेरी बहना रुदन मचावे पीहर की याद सताए,
तेरी तिरिया बिलखत आवे और दरवाजे तक आवे,
बिछड़ गई जोड़ी है..
ले लो हरि का नाम जिंदगी थोड़ी है.....

तेरे भाई बंधु सब आवे तेरी डोली नई बनावे,
तोहे मरघट तक ले जावे तेरी सुंदर चिता सजावे
फूक दई होली है..
ले लो हरि का नाम जिंदगी थोड़ी है.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25345/title/le-lo-hari-ka-naam-zindagi-thodi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |